दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 113 मुरादाबाद 19 August 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## रायगढ़ में श्रीवर्धन बंदरगाह के पास नाव में मिलीं AK-47, आतंकी साजिश की आशंका




मुंबई-महाराष्ट्र के रायगढ़ में वीरवार को श्रीवर्धन बंदरगाह के पास दो नावें मिली हैं। इनमें एक में दो से तीन एके 47 राइफल और कुछ जिंदा कारतूस मिले हैं। दूसरी नाव में लाइफ जैकेट्स तथा कुछ और संदिग्ध सामान मिला है। दोनों में कोई व्यक्ति नहीं था। ये संदिग्ध नावें मिलने के बाद क्षेत्र में पुलिस ने नाकेबंदी शुरू कर दी है। श्रीवर्धन बंदरगाह का उपयोग 12 मार्च, 1993 के सिलसिलेवार विस्फोटों के लिए विस्फोटक व हथियार उतारने के लिए भी किया गया था।मुंबई और रायगढ़ में हाई अलर्ट- संदिग्ध नाव सुबह आठ बजे स्थानीय लोगों ने देखी। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। स्थानीय तहसीलदार व पुलिस ने नाव के पास जाकर देखा तो उन्हें एक बाक्स में एके47 राइफलें और कुछ जिंदा कारतूस रखे दिखाई दिए। नाव का पंजीकरण ब्रिटेन का बताया जा रहा है, जबकि नाव में रखे एके-47 के बाक्स पर ओमान की किसी कंपनी का नाम लिखा है। पुलिस अनुमान लगा रही है कि भारतीय समुद्री सीमा के बाहर कहीं इस नाव को लंगर डालकर खड़ा किया गया होगा। जहां से मानसूनी हवाओं के कारण यह बहकर मुंबई के निकट आ गई है, लेकिन पुलिस नाव को लेकर किसी आतंकी साजिश से इनकार नहीं कर रही है। मुंबई और पड़ोसी रायगढ़ जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस संदिग्ध नावों के बारे में और जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।मुंबई में पहले भी हो चुके हैं आतंकी हमले एजेंसी के मुताबिक, महाराष्ट्र में वीरवार को हरिहरेश्वर बीच के पास एक संदिग्ध नाव मिलने के बाद रायगढ़ जिले और आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच चल रही है। महाराष्ट्र एटीएस की टीम रायगढ़ के लिए रवाना हो गई है, जहां हरिहरेश्वर बीच पर हथियारों के साथ एक संदिग्ध नाव मिली है। आतंकी साजिश की आशंका जताई जा रही है। मुंबई में पहले भी आतंकी हमले हो चुके हैं। जिनमें सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है।नाव में मिले हथियार

स्थानीय पुलिस के मुताबिक, हरिहरेश्वर बीच पर एक अज्ञात नाव और रायगढ़ जिले के भारदखोल में बोट मिली। जिस पर कोई मौजूद नहीं है। तटरक्षक बल और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड को इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस विभाग आवश्यक कार्रवाई कर रही है। आधिकारिक सूत्र के मुताबिक, रायगढ़ के हरिहरेश्वर बीच पर मिली संदिग्ध नाव पर हथियार मिले हैं।

### विधायक ने कहा, स्पेशल टीम नियुक्त हो

रायगढ़ के विधायक अदिति तटकरे के मुताबिक, प्राथमिक जानकारी के अनुसार रायगढ़ के श्रीवर्धन के हरिहरेश्वर और भारदखोल में हथियार और दस्तावेज वाली कुछ नावें मिली हैं। स्थानीय पुलिस कर रही है जांच, मैंने सीएम-डीई सीएम से मांग की है कि एटीएस या स्टेट एजेंसी की स्पेशल टीम तत्काल नियुक्त करें।

## अजय मिश्रा टेनी की बर्खास्तगी की मांग को लेकर लखीमपुर खीरी में राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसानों का 75 घंटों का महाधरना



भारतीय किसान यूनियन-टिकैट (बीकेयू-टिकैट) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से जुड़े कई किसान संगठन लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में न्याय की मांग के लिए 18 से 20 अगस्त तक 75 घंटे के धरने की शुरूआत कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी में राजापुर कृषि-उत्पादन मंडी समिति में गुरुवार से 75 घंटे का धरना शुरू होगा जिसमें शामिल होने के लिए यूपी के अलावा पंजाब से भी बड़ी तादात में किसान जमा हुए हैं। पिछले साल तीन अक्टूबर को जिले के तिकुनिया इलाके में भड़की हिंसा के दौरान लखीमपुर खीरी में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी।कृषि कानून वापस लिए जाने के बाद किसानों की केंद्र से मांग है कि किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए केस वापस लिए जाएं। इसके अलावा उनकी मांग है कि साल भर के विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा मिले और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बने। बीकेयू-टिकैत जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह ने कहा-किसानों की लंबित मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए 75 घंटे के धरने का आयोजन किया गया है। बीकेयू-टिकैत के राष्ट्रीय संगठन सचिव भूदेव शर्मा ने कहा कि किसान 3 अक्टूबर, 2021 की तिकुनिया हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं जिसमें उनके बेटे आशीष मिश्रा प्रमुख आरोपी हैं। अलावा दर्शन सिंह पाल, जोगिंदर सिंह उगराहन, योगेंद्र यादव और संयुक्त किसान मोर्चा के अन्य प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।

## गोरखपुर के उमा सिंह ने साइकिल से नाप दीं हिमालय की चार चोटियां, माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर पहुंचे



गोरखपुर- यूपी के गोरखपुर के उमा सिंह ने हिमालय की चार चोटियों पर एक के बाद एक साइकिल से चढ़ाई कर नया रिकॉर्ड बना दिया है। वे एवरेस्ट के बेस कैंप के साथ ही माउंट काला पत्थर, माउंट गोक्यो री व माउंट रेंजो ला पास की चोटी पर साइकिल से पहुंचकर तिंरगा फहराने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। ऐसा करने वाले वे दुनिया के महज तीसरे पर्वतारोही हैं। उमा ने 12 अगस्त को उन्होंने माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (17560 फीट) पर साइकिल से पहुंचकर भारत का तिरंगा फहराया। 13 अगस्त को माउंट काला पत्थर (18519 फीट) की ऊंचाई पर भारत का तिरंगा झंडा लहराया। 15 अगस्त की सुबह 7 बजे माउंट गोक्यो री (17575 फीट) की चोटी पर तिरंगा फहराया। उसी दिन दोपहर 2 बजे माउंट रेंजो ला पास (17560 फीट) की चोटी पर भी साइकिल से पहुंचकर भारतीय तिरंगा फहराया।
दुनिया के तीसरे पर्वतारोही बने उमा - उमा सिंह माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप और तीन अन्य श्रृंखलाओं की चोटी पर साइकिल से पहुंचने वाले दुनिया के तीसरे व्यक्ति हैं। नेपाल के पासंग शेरपा इन चारों चोटियों पर आधिकारिक रूप से साइकिल चलाकर पहुंचने वाले दुनिया के पहले पर्वतारोही थे। माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर साइकिल से पहुंचकर तिरंगा फहराने वाले पहले भारतीय आधिकारिक रूप से नई दिल्ली के अजय भोला थे। उमा ने न सिर्फ माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप बल्कि उस श्रृंखला की तीन अन्य चोटियों पर पहुंचकर पर्वतारोहण में देश का नाम रौशन किया है। कीर्तिमान में ये बने मददगार - गोरखपुर विश्वविद्यालय से एमकॉम और महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ से बीकॉम करने वाले बांसगांव क्षेत्र के गोरसैरा गांव निवासी उमा ने कीर्तमान बनाने के बाद कहा कि कोलकाता साइकिल स्टोर, गोरखपुर ने स्पोर्ट्स साइकिल भेंटकर इस सफर को आसान बनाया। आईडीएफ बाल गुरुकुल शिक्षा अभियान, मुंबई और उप्र ब्रिज कॉरपोरेशन की तरफ से मिला सहयोग भी अहम रहा।

जुनूनी उमा बना चुके हैं पहले भी कई रिकॉर्ड 15 से 17 जुलाई के बीच पिछले महीने ही कश्मीर से कन्याकुमारी (3629 किमी) का सफर किराए की स्पोर्ट्स बाइक से रिकॉर्ड 63 घंटे 35 मिनट 20 सेकंड में तय किया। उमा ने चार साल पुराना रिकॉर्ड 11 घंटे के बड़े अंतर से तोड़ा था। 30 नवम्बर 2020 से 10 फरवरी 2021 के बीच 73 दिनों में 12271 किमी का सफर साइकिल से पूरा करने का रिकॉर्ड उमा के नाम है। इस दौरान उन्होंने देश के सभी राज्यों और उसकी राजधानी तक अपनी दस्तक दी थी। 15 अगस्त 2021 को अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (19340 फीट) पर साइकिल से चढ़ाई कर तिरंगा फहराया था।

# जिला महिला अस्पताल की गंभीर शिकायतों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया शिकायती पत्र-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



कानपुर- भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ सिटी मजिस्ट्रेट प्रदीप वर्मा से मिले उनको एक संगठन की तरफ से महिला अस्पताल की गंभीर शिकायतों के बारे में डीएम के नाम एक पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को दिया किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने शिकायतों के आधार पर डीएम को पत्र में कहां है के मरीजों से पैसे की वसूली होती है एक गंभीर समस्या है जितनी महिला मरीज हो वह सभी किसानों के परिवारों से है यह शिकायतें सभी किसानों से के परिवारों से मिली हैं हमको अति शीघ्र कार्रवाई के लिए पत्र में लिखा है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने पत्र में यह भी लिखा है विभाग के अधिकारी से जांच ना करा कर एसीएम स्तर के अधिकारी से जांच कराई जाए उन्होंने यह भी कहा है कि ईमानदार कर्मचारियों को ओ टी से हटाया गया है उनको उसी स्थान पर वापस लिया जाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कुछ कर्मचारी सीएमएस कार्यालय में अटैच है जो अस्पताल का माहौल खराब कर रहे हैं उनके तबादले की मांग की गई है क्योंकि उनकी ही वजह से अस्पताल का पूरा माहौल खराब हो रहा है इसकी जानकारी पूरी सीएमएस को है सीएमएस कार्यालय के कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं इस तरह का अधिकार उनको किसने दिया जो दलाली करने में लगे हुए हैं उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस तरह का भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के विष्णुपुरी के मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह उपाध्यक्ष सिद्धार्थ पंडित एवं हर्ष मौजूद थे

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में एटा जनपद मुख्यालय पर आज यादव महासभा द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में एटा जनपद मुख्यालय पर आज यादव महासभा द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा श्रंगार नगर स्थित श्री कृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई और जो जीटी रोड होती हुई ठंडी सड़क नत्रू मल चौराहा बली मुहम्मद चौराहा कैलाश गंज हाथी गेट मेन गंज घंटाघर होती हुई जीटी रोड से गांधी मार्केट होती हुई जेल रोड पुलिस लाइन तथा आगरा रोड स्थित यादव नगर में संपन्न हुई शहर के प्रमुख मार्गो से यह शोभायात्रा जहां जहां पर निकली वहां लोगों ने उनका उत्साह पूर्वक स्वागत किया या भगवान श्री कृष्ण श्री भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई जिसमें जन्म से लेकर उनके द्वारा किए गए राक्षसों के सहार एवं कंस वध का लीलाओ का सजीव चित्र किया गया इस शोभायात्रा को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर उमड़े शोभायात्रा में किस शोभायात्रा में सभी यादव एकजुट दिखाई दिए जहां महिलाओं और बच्चों की बड़ी संख्या देखी गई शोभायात्रा में यादव महासभा के प्रमुख वृद्धजन अनुआई करते हुए देखे गए वहीं युवाओं में खासा उत्साह देखा गया पूर्व विधायक अमित गौरव टीटू शिशुपाल सिंह यादव ब्लाक प्रमुख बजीर सिंह यादव नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राकेश गांधी बीके सिंह यादव अजय यादव पूर्व विधायक एवं बड़ी संख्या में जनमानस मौजूद रहे वहीं युवाओं में अनुवाई करते हुए रितु प्रिय आर्य अपनी इंकलाबी सेना के साथ भगवा वस्त्र में नजर आए वहीं दूसरी ओर इस में राष्ट्रीय ध्वज भी लहराता हुआ दिखाई दिया

# मुरादाबाद में प्रेमी के घर पहुंचकर प्रमिका ने काटी हाथ की नस, ग्रामीण बोले- कासिम नाम ले रही थी युवती

मुरादाबाद-यूपी के मुरादाबाद शहर की नई आबादी बस्ती में बुधवार की रात युवती अपने प्रेमी के घर पहुंची और हाथ की नस काट ली। नस कटने के बाद युवती चीखने-चिल्लाने लगी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। इस बीच किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवती को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया। मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती बुधवार की रात को लगभग साढ़े नौ बजे अपने प्रेमी के चौखट पर पहुंच गयी। वहां पर किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गयी। उसके बाद प्रेमिका अपने हाथ की नस काट ली। प्रेमिका के नस कटते ही चीख पुकार मच गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी शमशाद अली शाह बुधवार दोपहर पत्नी नगमा परवीन ( 20 ) को बाइक पर बैठाकर तहसील मुख्यालय ले जा रहा था। बाइक रतूपुरा-अब्दुल्लापुर के बीच हाफिज जी फ्यूल्स के निकट पहुंची तो तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। नगमा परवीन बाइक से गिरकर डंपर के पहिये के नीचे कुचल गई थी, उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को सड़क से हटाने का प्रयास किया तो ग्रामीण भड़क गए थे। पुलिस ने ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए बुधवार सुबह डंपर चालक गांव फोलादपुर निवासी साजिद पुत्र जरीफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगमा के शव को पोस्टमार्टम के बाद सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# ब्लाक नही आते बीडीओ और सचिव, फरियादी हो रही परेशान

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को ब्लाक मुख्यालय पर रात्रि प्रवास के आदेश दे रखें हो पर कुछ ग्राम विकास अधिकारियों को छोड़कर ज्यादातर सचिव कर रहे मनमानी बाबू और सफाई कर्मचारियों के भरोसे चल रहा खंड विकास अधिकारी कार्यालय लेकिन यहां पर मुख्यमंत्री के आदेशों का कोई असर होता दिखाई नही दे रहा है। यहां पर खंड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भी ब्लाक आना उचित नही समझते, गुरुवार दोपहर बारह बजे तक ब्लाक मे ग्राम पंचायत अधिकारी मधुसूदन वर्मा, अजय पाल, एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा, एडीओ ( आईएसबी ) व बाबू मनीश कुमार व कुछ सफाई कर्मचारियो को छोड़कर ज्यादातर कर्मचारी, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लाक मुख्यालय से नदारद थे। ग्राम पंचायत अधिकारियों के कमरो मे अगर कुछ दिखाई दे रहा था। तो वह कमरे मे पडा ताला दिखाई दे रहा था। इतना ही नही ब्लाक मे खंड विकास अधिकारी का प्रभार संभाले पीपीओ संजय यादव के कार्यालय मे भी उनकी कुर्सी खाली पड़ी थी ओर कुछ लोग अपनी समस्याओं को लेकर बीडीओ कक्ष मे पडी आगंतुक कुर्सियो पर बैठकर अपनी फरियाद सुनाने का इंतजार कर रहे थे, ब्लाक मे अपनी फरियाद लेकर आए कुछ फरियादियों ने बताया कि वह पिछले कई दिनो से बीडीओ और ग्राम पंचायत अधिकारी से मिलने के लिए आ रहे है, लेकिन ना तो उन्हे बीडीओ मिल रहे है और ना ही ग्राम पंचायत अधिकारी, जिससे उन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, फरियादियों ने बताया कि बीडीओ के साथ ही कुछ सचिव भी महीने मे एक दो बार ही ब्लाक आते है, जिससे फरियादियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और पूरा ब्लॉक बाबू और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रहमो करम पर चल रहा है, ग्रामीणो ने डीएम से औचक छापेमारी कर लापरवाह अधिकारियो कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। उधर, इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संजय कुमार यादव से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# खुटार की युवा शख्सियत जिसे पत्रकारिता और वकालत में महारत हासिल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- भाजयुमो नेता विजयशंकर अवस्थी सोनू दो लोगों को नगर पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान में ब्लॉक प्रमुख बने नमित दीक्षित को पूरे तन मन धन से समर्पित होकर दिलवा चुके हैं विजयश्री ,नगर पंचायत खुटार से खुद चेयरमैन पद के लिए कर रहे है भाजपा से दावेदारी,अल्प समय में ही राजनीति में एक अच्छी पकड़ और अपनी अलग पहचान बनाने वाले भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी राजनीति के साथ-साथ पत्रकारिता और वकालत में भी महारत हासिल किए हुए हैं,साल 1986 में मूल रूप से सिल्हुआ गांव में रहने वाले नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी तत्कालीन नगर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेंद प्रसाद अवस्थी के घर जन्मे विजय शंकर अवस्थी उर्फ सोनू अवस्थी की प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने हाईस्कूल और इंटर किया, उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने केन ग्रोवर्स नेहरू डिग्री कॉलेज गोला गोकर्णनाथ से बीए तथा महमूदाबाद लॉ कॉलेज लखनऊ से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की, वकालत की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन महाविद्यालय लखनऊ से पत्रकारिता में परास्नातक किया,पढ़ाई के साथ साथ वकालत और पत्रकारिता की डिग्री हासिल करने के बाद सोनू अवस्थी ने बार एसोसिएशन पुवायां में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर कुछ दिन तक वकालत की प्रैक्टिस भी की,लेकिन इसी दौरान साल 2014 में वह भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता के साथ ही व्यापारियों के बीच रहकर उनके हितार्थ काम करने लगे, साल 2016 में सोनू अवस्थी की मेहनत और सक्रियता को देखते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल मिश्रा गुट में उन्हें युवा व्यापार मंडल का खुटार का अध्यक्ष मनोनीत किया, भाजयुमो जिला महामंत्री के साथ भी पुवायां नगर मंडल के प्रभारी का भी दायित्व है,सोनू अवस्थी के पास युवा और मैनेजमेंट टीम होने की वजह उनकी गिनती एक अच्छे युवा राजनीतिज्ञ में मानी जाती है,सोनू अवस्थी समय-समय पर समाज सेवा और जनहित के कार्य भी करते रहते हैं।

# कीटनाशक दुकानों पर छापा, 8 दुकानों के लाइसेंस निलंबित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -शासन के निर्देश पर जिले में कीटनाशक की दुकानों पर सघन छापेमारी की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में 4 टीमों का गठन किया गया। तहसील मुरादाबाद तथा बिलारी में कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार, तहसील कांठ में जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी तथा तहसील ठाकुरद्वारा में सहायक निदेशक मृदा परीक्षक राजकुमार को कीटनाशक की दुकानों पर छापेमारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। टीमों ने छापामारी करके आठ कीट नाशक दुकानों पर नमूने लिए और आठ दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए। बड़े स्तर पर कार्रवाई से कीटनाशक दुकानदार दुकानें बंद करके भाग गए। ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। गुरुवार को कृषि रक्षा अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार ने सैनी सीड स्टोर पाकबड़ा, तारा एग्रीकल्चर स्टोर फतेहपुर विश्नोई तथा पंतनगर बीज भंडार अगवानपुर पर कीटनाशक के नमूने लिए गए। इनके



अभिलेख पूर्ण रूप से सही नहीं मिले। साथ ही सैनी बीज स्टोर टैक्सी स्टैंड के सामने पाकबड़ा, किसान खाद भंडार गांव हकीमपुर, विश्नोई खाद एवं बीज भंडार गांव फतेहपुर विश्नोई, विश्नोई आदर्श खाद भंडार कोकरपुर, एग्री जंक्शन सेरुआ चौराहा अगवानपुर, किसान बीज भंडार सेरुआ चौराहा अगवानपुर और एपीए ट्रेडर्स सेरुआ चौराहा अगवानपुर के दुकानदार दुकानें बंद करके भाग गए। इन आठ दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर कार्रवाई और नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने कांठ तहसील में छापेमारी कर दो नमूने भरवाएं, वहीं सहायक निदेशक मृदा परीक्षण ने ठाकुरद्वारा में छापेमारी कर एक कीटनाशक का नमूना लिया गया। कृषि रक्षा अधिकारी डॉक्टर योगेंद्र कुमार का कहना है कि सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है, यदि कोई नमूना अमानक पाया जाता है तो नियमानुसार कीटनाशक अधिनियम के तहत कोर्ट में वाद भी दायर कराया जाएगा।

# डीआईजी से बोले अब्दुल्ला आजम, फर्जी मुकदमा दर्ज कर रही पुलिस





दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -छजलैट प्रकरण में गुरुवार को सुनवाई के लिए मुरादाबाद आए विधायक अब्दुल्ला आजम ने कहा कि कई महीनों से बीमार व्यक्ति के खिलाफ पुलिस फर्जी मुकदमा दर्ज कर रही है। ऐसे कैसे न्याय मिलेगा मुरादाबाद में लोनिवि गेस्टहाउस में पत्रकारों से बात करते विधायक ने कहा कि मुकदमे अब ट्रायल पर आ रहे हैं। ये मुकदमे भी भैंस-बकरी चोरी के हैं। मुकदमों की सच्चाई सामने न आ सकें, इसको लेकर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि कोर्ट में गंज व कोतवाली पुलिस गवाहों को इशारा कर रही है। इससे न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। सवाल पूछा कि न्यायिक व्यवस्था से कैसे कायम रह पाएगी। न्याय कैसे मिलेगा। कहा कि जो पांच महीने से मेदांता और बाद में गंगाराम अस्पताल में भर्ती हो, बीमार आदमी गवाहों को कैसे धमका सकता है। कहा कि फर्जी मुकदमे को लेकर वह व सांसद समेत तमाम विधायक डीआईजी से मिले और प्रार्थना पत्र सौंपा। उम्मीद जताई कि पत्र पर वह जांच कराएंगे। इस दौरान सपा सांसद डॉ. एसटी हसन, सपा विधायकों में नवाब जान, फहीम, कमाल अख्तर, समरपाल सिंह के अलावा सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां समेत तमाम सपाई मौजूद रहे।

## ईसीजीसी ने स्कूली बच्चों को सहायता किट बांटी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मुरादाबाद के भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम की ओर से सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत गुरुवार को तीन विद्यालयों के छात्रों को सहायता किट का वितरण किया गया। ईसीजीसी के ब्रांच मैनेजर सुभाष कुमार झा के नेतृत्व में पहुंची टीम की तरफ से बच्चों को 290 किट का वितरण किया गया। फर्स्ट एड, स्टेशनरी आदि सामग्रियों से युक्त किट कम अपोजिट विद्यालय पीटीसी, प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल झाझनपुर के बच्चों को बांटी गई।


## निगम कर्मचारी से गाली-गलौच, गिरहबान पकड़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -नगर निगम में निर्माण विभाग के कर्मी और ठेकेदार से झगड़े का मामला तूल पकड़ गया है। ठेकेदार के खिलाफ कर्मचारी के खिलाफ गाली गलौच और जातिसूचक अपमान का आरोप है। गुरुवार को निगम कर्मी से अभद्रता से नगर निगम व एस एसटी एसोसिएशन में भी रोष फैल गया। कर्मचारी अजय कुमार की ओर से थाना सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज के लिए तहरीर दी गई है। घटना बुधवार देर शाम की है। निगम की माने तो निगम के निर्माण विभाग में आउटसोर्सिंगकर्मी अजय और सुभाष अपने केबिन में काम कर रहे थे। इस दौरान निगम ठेकेदार वहां पहुंचे। बताते हैं कि बिल के एस्टीमेट को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कि ठेकेदार ने अजय से गाली-गलौच की। थप्पड़ मारा और गिरहबान पकड़ लिया, तब वहां सुपरवाइजर के जेई भी थे। कर्मचारी का कहना है कि उसे जातिसूचक कहे। इससे निगम दफ्तर में हंगामा हो गया। तब मामला दब गया पर गुरुवार को निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मो. सुब्हान, मोहित चौहान और राजू अंबेडकर, अरविंद कुमार आदि नेता वहां पहुंच गए। कर्मचारी की ओर सिविल लाइंस में तहरीर दी गई है।

WWW.KNLSIVE.COM

## जीके पब्लिक स्कूल में मनी जन्माष्टमी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मुरादाबाद के जीके पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने कृष्ण, राधा-रानी, बलराम, ग्वाल-बाल और गोपियों का स्वरूप में कृष्ण लीला की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। प्रबंधक शुभम प्रकाश गोयल व रविंद्र गोयल ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। विद्यालय प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व बताया। विद्यालय परिसर में ही गुरुवार को कोविड टीकाकरण शिविर लगाया गया। बारह वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का टीकाकरण किया गया। रजनी शर्मा का सहयोग रहा।

## किसान पब्लिक मोंटेसरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को उल्लास और धूमधाम से मनाया




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -किसान पब्लिक मांटेसरी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। यहां बच्चे तरह-तरह के रंग-बिरंगे पोशाक पहनकर कृष्ण जन्माष्टमी बृज के गीतों पर जमकर झूमे। इस मौके पर प्रधानाचार्य शफी सैफी, जितेंद्र सिंह राठी, अनीता कश्यप, सोनम कुमारी, अरविंद आदि मौजूद रहे।

## हादसा करने वाला डंपर चालक पकड़ा गया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -करनपुर-रतूपुरा मार्ग पर बुधवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार गर्भवती महिला को कुचल दिया था। उसकी मौत पर भारी भीड़ ने हाईवे पर हंगामा किया था। गुरुवार को दूसरे दिन भी मोहद्दीनपुर में कोहराम मचा रहा। महिला को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उधर पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर निवासी शमशाद अली शाह बुधवार दोपहर पत्नी नगमा परवीन (20) को बाइक पर बैठाकर तहसील मुख्यालय ले जा रहा था। बाइक रतूपुरा-अब्दुल्लापुर के बीच हाफिज जी फ्यूल्स के निकट पहुंची तो तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। नगमा परवीन बाइक से गिरकर डंपर के पहिये के नीचे कुचल गई थी, चालक गांव फोलादपुर निवासी साजिद पुत्र जरीफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# China in Sri Lanka

It is not surprising if the arrival of a Chinese vessel at the Hambantota port in Sri Lanka has become a cause for concern, despite India's and the US's refusal. It is being described as a hi-tech research vessel, but in reality its command remains with the Chinese Army. China is describing the ship running on the guidelines of the Chinese military as part of its research operation, but the representative of the Sri Lankan President has told it to be part of the peace operation. Although there are more than 2,000 people on board this 222 meter long vessel, are they all scientists? Have they set out to research the seas near Sri Lanka? Does China have no more space for marine research? Is India's concern about this ship named Yuan Wang-5 equipped with satellite, antenna and radar excessive? By the way, if we look at China's reply, while trying to reassure as well as speaking the language of warning, there is no hesitation at all.

Its Sri Lankan ambassador has said in Hambantota that the ship's movements will not affect the security of any country and should not be "obstructed" by any "third party". In fact, the direct threat to India from this gigantic ship is that this ship can keep an eye in India as far as Odisha. The indirect danger is that this is going to make India strategically, if not tactically, on the maritime front. Indian strategists should be more alert if China's presence in Hambantota in the south is worrying the US as well, when China continues to maintain tension along the border with India. If Sri Lanka allows repeated visits or longer stays for the Chinese military spy vessel, then perhaps a new front will be opened for India.

Earlier India has been confident from the south, but now the economic devastation of Sri Lanka has affected India indirectly. Sri Lanka is compelled to give attention to China, because if it does not give attention, then the international loan to Sri Lanka will be in trouble. At the United Nations, China is in a position to block aid provided by the International Monetary Fund. Sri Lanka's compulsion can become a problem for India. Right now Sri Lanka does not even have much option and India is also not in a position to do much except to be cautious.

China is taking maximum advantage of the changing situation in the world. That strong Sri Lanka is now a thing of the past, which once let off China from the port of Hambantota. It is not new, China is looking for such an opportunity.

The situation is no different for that Pakistan, which China calls iron friend. How China's everlasting iron friend is making a living, this truth is not hidden. As far as India is concerned, it is difficult to escape espionage. The solution lies in this that India strengthens itself technologically, diplomatically and strategically. China's relations with the troubled Sri Lanka will continue, but India should not strain its relations with Sri Lanka for this reason. Of course, keeping a close eye on China has become an ongoing task of ours.

## Kiara Advani said, Siddharth Malhotra is more than a friend, got a hint of marriage in Koffee with Karan

Sidharth Malhotra and Kiara Advani are one of the famous onscreen couples of Bollywood. Fans have a lot of interest in their love story. Recently, Siddharth Malhotra and Vicky Kaushal had reached Karan Johar's famous chat show Koffee With Karan where Karan Johar asked Siddharth Malhotra many funny questions about his personal life. When Siddharth Malhotra was asked a question about dating Kiara Advani, Siddharth did not deny the answer. The pairing of Siddharth Malhotra and Kiara Advani has been in the news since the film Shershaah. More than close friends: Kiara Advani - Karan Johar teased Siddharth on the show by taking the name of Kiara. Showed him a video of Kiara Advani and Shahid Kapoor. Karan said that we had a conversation with your girl friend a few days ago. In the video, Kiara is seen saying – I and Siddharth are close friends or maybe even more. Taking the name of the film Sher Shah, Kiara said that the film tells her current life. After this, Karan Johar and Shahid Kapoor say that they will dance on Dola Re Dola at Kiara and Siddharth's wedding. Seen together for the first time in the film Shershaah - Fans are very happy after hearing the news of Sidharth Malhotra and Kiara Advani's marriage. are coming. Sidharth Malhotra and Kiara Advani have worked together in the film Shershaah. They have been dating each other since the film Sher Shah in the year 2021. Last month, Kiara Advani and Sidharth Malhotra went to Dubai together. According to media reports, Kiara also celebrated her birthday with Siddharth.



## Mira fell in love with Shahid Kapoor, did a romantic dance and said – I want to marry you

Mira Rajput shared a short video on her social media. In this, she is seen doing a romantic dance with her husband. In the clip, Shahid and Mira are seen dancing to Bruno Mars' song 'Marry You'. The occasion was the marriage anniversary of Meera's parents. Many videos of this occasion are viral. Fans are very fond of these videos of Shahid and Mira. In the video, Shahid Kapoor and Mira Rajput are dancing in a room of the house. Seeing the dance of both, all the people present there are cheering them both by clapping. Mira Rajput is wearing a yellow suit with heels while Shahid looks dashing in a white shirt and black pants. Meera wrote in the caption, I think I want to marry you. With this, red colored heart emoji have been made. Also Celebrating 40 Years of Mommy and Daddy. You both exude faith in never-ending love. Maa Se Mila Dance Ka Kaalar – Earlier, Shahid Kapoor shared a video of his dance with brother Ishaan Khattar on his social media account. In the video, Shahid Kapoor and Ishaan Khatter are seen dancing to the song 'Roop Tera Mastana' in front of Mira Rajput's family members. Giving credit of his dancing skills to his mother Neelima Azeem, Shahid wrote Mamma Yeh Hum Aapse Hai Hai. Shahid Kapoor and Mira Rajput got married on July 7, 2015, tied the knot in the year 2015. Shahid and Mira have two children. Recently both went to Europe for a family trip where they also celebrated their wedding anniversary. Recently, Shahid Kapoor and Mrunal Thakur's film Jersey was released on the big screen, which was very much liked by the audience. Apart from this, Shahid is soon going to make his debut on the OTT platform. Shahid will soon work with Ali Abbas Zafar in an action entertainment film.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मारहरा में धूमधाम से निकाली वीरांगना अवंतीबाई शोभायात्रा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जनपद एटा के मारहरा और मिरहची में 16 अगस्त को वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जन्म जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गयी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता भूदेव सिंह लोधी ने की, और मंच संचालन नरपति सिंह वर्मा ने किया। शोभायात्रा का फीता काटकर उदघाटन मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी ने किया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम लोग माँ अवंति बाई लोधी के वंशज है हमेगर्भ हैं।इस दौरान उन्होंने मिरहची नगर के साथ मारहरा में भी अपनी टीम के साथ नगर भृमण किया ।शोभायात्रा करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में निकली जिसमे सबसे पहले मोटरसाइकिल सवार, ऊँट, घोड़े, देवी देवताओं के बड़े बड़े डोले और झांकियों के साथ ही बीच में पैदल यात्रा, बाद में निजी वाहनों ने भाग लिया ।शोभायात्रा मिरहची से मारहरा पहुची, और नगर भृमण के साथ अवंती बाई इंटर कॉलेज मारहरा प्रांगण में पहुँची, जहाँ उसके सभागार में मंचासीन गणो में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम सिंह लोधी प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय लोधी महासभा रहेउन्होंने कहा कि लोधियों की आन, वान, शान,सम्मान, स्वाभिमान है वीरांगना अवंती वाई लोधी, हम लोगो को शिक्षा, राजनीति, सामाजिक2कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। ।ब्रज क्षेत्र प्रभारी कु0किरन ने कहा कि पूरे प्रदेश में लोधी समाज एक मजबूत स्थिति में है, विशिष्ठ अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर अमर पाल सिंहने कहा कि हमे शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।,ब्लाक प्रमुख रवि लोधी,पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य विनोद उर्फ बंटी ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश लोधी, रामप्रताप सिंह, राकेश राजपूत, रामदास लोधी,पूर्व प्रधान गुलजारी लाल, भाजपा नेता महेश वर्मा, रामसेवक पहलवान,वरिष्ठ अधिवक्ता उदयवीर सिंह, राष्ट्रीय लोधी महासभा एटा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट, डॉ0जय सिंह लोधी, संजीव राजपूत रहे। शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष रामप्रताप सिंहलोधी, महामंत्री जितेंद्र फौजी, कोषाध्यक्ष चमन प्रकाश लोधी अध्यापक, उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, जय जय प्रधान मंत्री, नीरज लोधी मंत्री, वीरेश कुमार, सतेंद्र प्रधान, किशोरी लाल,रिंकू प्रधान, रामसिंह, अवनीश कुमार, के0पी0सिंह लोधी, किशनदेव, भगीरथ लोधी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, सतेंद्र कुमार, आलोक, सोमेंद्र लोधी, लव कुमार, तथा मेला कमेटी में भूप सिंह अध्यपक आदि के साथ सैकड़ो महिलाओं, लोगो ने भाग लिया।

## विराट कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बीपीएस ग्रुप आफ इंस्टी्यूशन के डायरेक्टर आद. अशोक यादव जी द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव समापन समारोह में विराट कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष श्री के के मिश्रा द्वारा की गई। कार्यक्रम डॉ ध्रुवेन्द्र भदौरिया, कासगंज से पधारे विपिन शर्मा पत्रकार, आपके मित्र राकेश 'शम्स', अतुल पुंडीर, सीमा पुंडीर, सत्यवीर सिंह, सिकरवार, संजीव सरगम के काव्यपाठ ने उपस्थित जनसमूह को आनंदित किया देश प्रेम की रचनाओं ने कार्यक्रम को बहुत ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया।कार्यक्रम मे डॉ रामविलास शर्मा जी 'डॉ एस एस तोमर जी 'डॉ सुरेन्द्र मोहन सारस्वत जी 'नीलू भाई 'मनोज यादव जी 'योगेश गुप्ता जी पत्रकार卐 आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।संचालन आपके मित्र का था। बहुत बहुत आभार डॉ अशोक जी भाईसाहब का।

# सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा कांग्रेस कार्यालय पर स्वाधीनता क्रांतिकारी, भारतीय राष्ट्रवादी नेता रहे सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई

इस अवसर पर एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा आजाद हिंद फौज के संस्थापक महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पूर्ण तिथि पर कोटि-कोटि नमन करता हूं और आपकी देशभक्ति साहस और विचारों ने सदैव देश को प्रेरित किया है स्वतंत्रता आंदोलन में आप के योगदान को युगों युगों तक याद रखा जाएगा संगठन उपाध्यक्ष भोला गुप्ता ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आज भी युवाओं के दिल में बसते हैं इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता अंबेडकर प्रमोद कुमार बंटी ब्रजकिशोर सचिन गुप्ता जयकुमार पंडित जी आदि लोग उपस्थित थे

# शहीद जवान का अंतिम संस्कार किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बस हादसे में घटना के उपरांत आज दिनांक 18 अगस्त 2022 को आईटीबीपी के जवान अमित कुमार के पार्थिव शरीर का उनके पैतृक ग्राम बरा भौड़ेला, थाना अवागढ़ में क्षेत्रीय विधायक संजीव कुमार दिवाकर, चेयरमैन अवागढ़ महेश पाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, एसडीएम जलेसर राम नयन, क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान सहित अन्य अधिकारियों, जवानों, सैकड़ों की तादात में स्थानीय जनसामान्य आदि की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

# आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन निकाली गई यूपी -112 वाहनों की तिरंगा यात्रा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच







एटा-डीआईजी अलीगढ़ परिक्षेत्र द्वारा किया गया पुलिस लाइन स्थित जिम का उद्घाटन, डांस एकेडमी व स्कूली तथा पुलिस परिवार के बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आजादी का अमृत महोत्सव का हुआ समापन स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ को *आजादी का अमृत महोत्सव* के रुप में मनाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 17.08.2022 को पुलिस लाइन एटा में यूपी 112 वाहनों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसको सांसद श्री राजवीर सिंह राजू भैया द्वारा हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन से रवाना किया गया, तदोपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ श्री दीपक कुमार तथा माननीय जनप्रतिनिधि विधायक सदर एटा श्री विपिन कुमार डेविड द्वारा व्यायामशाला का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही डांस एकेडमी व स्कूल के बच्चों तथा पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर वहां उपस्थित सभी जनमानस का मन मोह लिया। सांसद श्री राजवीर सिंह राजू भैया द्वारा बताया गया कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम स्वतंत्र भारत के इस ऐतिहासिक काल को देख रहे हैं जिसमें भारत प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज के स्वतंत्र भारत का नाम दुनिया में अग्रिम पंक्ति में लिखा हुआ है। उपमहानिरीक्षक श्री दीपक कुमार द्वारा बताया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव' प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। यह महोत्सव भारत के लोगों को समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत को अपनी विकासवादी यात्रा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी एटा श्री अंकित कुमार अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता, क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन/सदर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर, क्षेत्राधिकारी श्री विक्रांत द्विवेदी सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा कर्मचारी व मीडिया बंधु तथा आमजन उपस्थित रहे।

# 'एक ही दिन में बच्चा पैदा नहीं होता तो बैंक कैसे खुलेगा', मंत्री कवासी लखमा बोले- बस्तर में मेरी जीत पक्की



छत्तीसगढ़ में अपने बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में रहने वाले आबकारी मंत्री कवासी लखमा एक बार फिर चर्चा में हैं। मंत्री लखमा के बयान को सुनकर उनके साथ खड़े विधायक व अन्य लोग भी अपनी हंसी रोक नहीं पाए। जगदलपुर के एक कार्यक्रम के बाद जब मीडिया ने उनसे बैंक खोलने की मांग वाला सवाल किया तो उन्होंने कहा कि एक ही दिन में बच्चा भी पैदा नहीं होता है। ऐसे में एक दिन में कैसे बैंक खुलेगा। कवासी लखमा के इस बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वहीं भाजपा ने किसानों की इस मांग पर मंत्री के बयान को गलत बताया। बता दें कि जगदलपुर में बस्तर जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। आबकारी मंत्री कवासी लखमा भी यहां पहुंचे थे। कवासी लखमा से पूछा गया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात में बस्तर दौरे पर आए थे। उन्होंने 16 नए बैंक खोलने की घोषणा की है। बैंक कब तक खुलेंगे? लखमा ने कहा कि संभाग आयुक्त और कलेक्टर इस काम में लगे हुए हैं। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि एक ही दिन में बच्चा भी पैदा नहीं होता। शादी करके बहू आएगी तो एक दिन में बात शुरू कर दोगे क्या? बैंक खोलने में समय लगेगा। सिर्फ 16 बैंक ही नहीं और भी कई बैंक खोले जाएंगे। उसके लिए थोड़ा समय लगेगा। बस्तर संभाग की हर मांग को भूपेश बघेल सरकार द्वारा पूरी की जाएगी।

### विधानसभा चुनाव में उनकी जीत की गारंटी

अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए चर्चित मंत्री कवासी लखमा ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी जीत की गारंटी है, बाकी विधायकों का क्या होगा यह पता नहीं? लखमा के इस बात पर तालियां खूब बजी, लेकिन इसके बाद कुछ क्षणों के लिए माहौल में सन्नाटा छा गया था। हालांकि कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए अपने बयान को लेकर सफाई देते हुए कहा कि उनके बयान का उद्देश्य कांग्रेस के विधायकों को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने और जनता के हित में काम करना है।

# भाजपा में सबकी टिकट कटने वाली है, CM भूपेश बघेल बोले- डॉ. रमन सिंह को गवर्नर बना रहे तो चल देना चाहिए



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ भाजपा में हुए बदलाव पर पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह व भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रमन सिंह को बताना चाहिए कि उनके लोगों को क्यों हटाया जा रहा है। रमन सिंह के गवर्नर बनाए जाने की चर्चा पर भूपेश ने तंज कसते हुए कहा कि रमन सिंह को चल देना चाहिए, क्योंकि उनके रहते हुए उनके नीचे वाले सभी को बदल दिए हैं। भूपेश ने कहा कि इन्हें बता दिया गया है कि इस बार टिकट नहीं मिलने वाली है। सबकी टिकट कटने वाली है। 14 लोग बचे हैं। सब कुछ बदल डालूंगा। हंटर वाली और जाम वाले मिलकर यही करने वाले हैं। नेता प्रतिपक्ष बदलाव पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नारायण चंदेल को बधाई-शुभकामनाएं। उम्मीद करता हूं कि सकारात्मक विपक्ष की भूमिका वे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अजय चंद्राकर कितना भी कर ले नेता प्रतिपक्ष नहीं बनेंगे। वह प्रवक्ता ही रहेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कोई भी विधायकों से रायशुमारी नहीं हुई है, बल्कि दिल्ली से पर्ची आई जिसे सुनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बाद नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को बदले जाने के सवाल पर भूपेश ने कहा कि इसका मतलब है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को पहले की टीम पर भरोसा नहीं रहा है।

### गर्भ के बच्चे का टिकट तो नहीं लेगी केंद्र सरकार

केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पूरे देश में महंगाई आसमान छू रही है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाने का तेल महंगा हो गया है। सारे सामान पर जीएसटी लगा रहे हैं। दही-पनीर को तक नहीं छोड़े। आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि जब से रेल शुरू हुआ है उसके बाद यह पहली बार है कि यात्री ट्रेनों को बंद किया गया है। 1000 ट्रेनें बंद हैं। प्लेटफार्म की टिकट बढ़ाएं, ट्रेन की टिकट बढ़ाएं, अब एक साल के बच्चे की पूरी टिकट लगेगी। कार्टून भी छपा है। कहीं गर्भ में बच्चा है, उसका टिकट भी तो सरकार नहीं ले लेगी। केंद्र सरकार लूटने में लगी है।

# नारायणपुर में सर्चिंग पर निकले जवानों को मिली बड़ी सफलता, 8 लाख की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आईटीबीपी, जिला बल और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की संयुक्त पुलिस पार्टी ने सर्चिंग के दौरान एक संदिग्ध महिला को पकड़ा है। महिला की पहचान पूर्व बस्तर डिविजन के कंपनी नंबर 6 की सदस्य सुखमति कुमेटी उर्फ रीमा के तौर पर पहचान हुई। महिला नक्सली पर राज्य सरकार ने 8 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। महिला नक्सली फोर्स को नुकसान पहुंचाने सहित कई बड़ी वारदातों में शामिल रही है। महिला माओवादी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि 16 अगस्त को आईटीबीपी, डीआरजी, जिला पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान ओरछा थाना से एरिया डॉमिनेशन के लिए ग्राम कोडोली आदेरबेड़ा, मुसनार, कावानार की ओर निकली थी। सर्चिंग के दौरान ग्राम कावानार के जंगल में कुछ संदिग्ध महिला-पुरुष पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध लड़की को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने छोटे टोण्डाबेड़ा थाना ओरछा निवासी सुखमति कुमेटी उर्फ रीमा पिता मंगतु कुमेटी के तौर पर अपनी पहचान बताई। उसने पुलिस को माओवादी संगठन के लिए काम करना बताया।

### कई बड़ी वारदातों में शामिल रही महिला नक्सली

एसपी सदानंद ने बताया कि महिला ने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2018 में टोण्डेबेड़ा मिलिशिया कमांडर मनोज ने मिलिशिया में भर्ती कराया था, जिसके बाद से वह पूर्व बस्तर डिविजन के कंपनी नंबर-6 की सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। उसने 4 मार्च 2020 को साप्ताहिक बाजार ओरछा में प्रधान आरक्षक रामप्रसाद भगत पर टंगिया से वार कर घायल किया और इंसास रायफल लूटा था। इसे अलावा 11 नवंबर 2020 को ग्राम कड़ेनार, चिकपाल के पास आईईडी विस्फोट, 21 मई 2021 को अमदईघाटी में आईईडी लगाने 28 मई 2021 को चिकपाल पुलिया के पास आईईडी लगाने और 20 जुलाई 2021 को अमदईघाटी में मुठभेड़ की घटना में शामिल थीं। गिरफ्तार महिला नक्सली कई जवानों की हत्या में शामिल रही है।

# छत्तीसगढ़ की अंकिता ने यूरोप में लहराया हमारा तिरंगा, सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस में मनाया आजादी का जश्न



छत्तीसगढ़ की बेटी अंकिता गुप्ता ने आजादी के अमृत महोत्सव पर यूरोपीय महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिया गया तिरंगा फहराया। सीएम भूपेश बघेल ने यूरोप जाने से पहले 3 अगस्त को युवा पर्वतारोही अंकिता को सीएम हाउस में राष्ट्रीय झंडा भेंट किया था। अंकिता गुप्ता कवर्धा की निवासी हैं और वर्तमान में वह कबीरधाम जिले में पुलिस विभाग में आरक्षक है। अंकिता ने माउंट एल्ब्रुस पर तिरंगा लहराकर छत्तीसगढ़ सहित देश का गौरव बढ़ाया है बता दें कि यूरोपीय महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस ( पश्चिम ) की ऊंचाई 5642 मीटर यानी 18,510 फुट है। यहां का तापमान माइनस 25 से माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक और हवा की गति 45 से 50 किलोमीटर तक रहती है। विषम परिस्थितियों में अंकिता ने 15 अगस्त की सुबह 5 बजकर 43 मिनट में तिरंगा लहराकर आजादी के 76वीं वर्षगांठ को और यादगार बना दिया। चोटी पर पहुंचकर अंकिता ने छत्तीसगढ़ मॉडल को प्रदर्शित किया। दूसरे दिन 16 अगस्त को यूरोप महाद्वीप के 5621 मीटर ऊंचे माउंट एलब्रुस ( पूर्व ) पर्वत पर सुबह 4 बजकर 23 मिनट पर तिरंगा फहराया।

### यूटी कांगड़ी की ऊंची चोटी फतेह कर चुकी

अंकिता गुप्ता ने कहा कि यह सफलता मेरे देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शहीदों को समर्पित है। उन्होंने आर्थिक मदद के लिए सीएम भूपेश बघेल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के प्रेम व आशीर्वाद से सब संभव हुआ है। अंकिता ने जनवरी में माइनस 39 डिग्री सेल्सियस पर लेह लद्दाख के यूटी कांगड़ी की 6080 मीटर ऊंची चोटी फतेह की थी। अब उनका लक्ष्य सातों महाद्वीपों के चोटी में तिरंगा फहराकर देश का मान बढ़ाना है। मंत्री मो. अकबर की पहल सीएम भूपेश बघेल ने अंकिता को यूरोप में पर्वतारोहण में शामिल होने 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद की थी।